हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 27 अगस्त 2025

06 भौंरासा के मंदिर में करीब 400 वर्ष पुरानी श्री...



07 राज्यपाल कल आएंगी, व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने...



नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

## खबर संक्षेप में

### कमला सागर विद्यालय के खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन

**नलखेड़ा।** कमला सागर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक बार फिर खेलों के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। विद्यालय के विद्यार्थियों का टेबल टेनिस और बैडमिंटन दोनों खेलों में जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। टेबल टेनिस में सीनियर ग्रुप से छात्रा श्रद्धा कुशवाह, वर्षा धाकड़ एवं प्राची शर्मा, जूनियर ग्रुप से छात्र अथर्व स्वर्णकार और दर्शिल तांतेड़ का चयन हुआ है। वही मिनी ग्रुप से दिपेश शर्मा का चयन हुवा है इसी प्रकार बैडमिंटन में सीनियर ग्रुप से छात्र दर्पण सोनी और रोहित सोनी, जबकि जूनियर ग्रुप से प्रिंस गोस्वामी ने जिला स्तर के लिए स्थान बनाया है। इन खिलाड़ियों की उपलब्धि पर विद्यालय संचालक दिलीप तांतेड़ ने हर्ष व्यक्त करते हुवे कहा कि कमला सागर विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। यह उपलब्धि उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। हमें विश्वास है कि यह खिलाड़ी आगामी स्तर पर भी बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय एवं नगर का गौरव बढ़ाएंगे।

### बी-फार्मा और डी-फार्मा रजिस्ट्रेशन 28 तक

**सीहोर।** फार्मेसी कॉलेजों में बी-फार्मा और डी-फार्मा कोर्सेस में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। डायरेक्टोरेट ऑफ टेक्निकल एजुकेशन द्वारा पहले चरण के रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू किए गए थे, जो 28 अगस्त तक चलेंगे। अभ्यर्थियों को कॉलेज चयन के लिए 29 अगस्त तक चॉइस फिलिंग करनी होगी। परीक्षा की मेरिट के आधार पर सीटों का आवंटन किया जाएगा। मेरिट सूची 3 सितंबर को घोषित होगी और 6 सितंबर को सीट अलॉटमेंट जारी किया जाएगा। आवंटित कॉलेज में रिपोर्टिंग 11 सितंबर तक करनी होगी।

## गणेश प्रतिमाओं से सजी दुकानें, पूजन-अर्चन करने के लिए की खरीदी

# अष्टविनायक विघ्नहर्ता मंगल मूर्ति भगवान गजानंद महाराज घर-घर आज होंगे विराजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



दस दिवसीय गणेश उत्सव पर्व आज से प्रारंभ हो रहा है इसके लिए नगर के बाजारों में विध्यनहर्ता मंगलमूर्ति भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की दुकाने सज गई है। मूर्तिकारों द्वारा बड़ी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं के साथ घरों पर विराजमान की जाने वाली प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। जिन्हें बिक्री हेतु दुकानो पर सजाकर रखी हुई है।

नगर में शासकीय अस्पताल से चौक बाजार के मध्य कई दुकानें लगी है जहाँ गणेश प्रतिमाओं की बिक्री हो रही है। मंगलवार को इन दुकानों पर ग्राहक देखे गए। भक्त शुभ महूर्त में इन प्रतिमाओं को घरों पर ले जाएंगे जहाँ इन्हें विधि-विधान के साथ स्थापित किया जाएगा। गणेश चतुर्थी से दस दिवसीय पर्व आज बुधवार से प्रारंभ हो रहा है भक्तो द्वारा श्रेष्ठ मुहूर्त में भगवान श्री गणेश की स्थापना अपने-अपने घरों पर की जाएगी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कई मोहल्लों के साथ सार्वजनिक स्थानों पर भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमाओं की स्थापना कर वहां पर 10 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय चौक बाजार में सार्वजनिक गणेश उत्सव का मंच बनाया गया है जहां पर आज विधि-विधान के साथ विघ्नहर्ता भगवान गणेशजी की विशालकाय प्रतिमा स्थापित की जाएगी तथा धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी के साथ बड़ा गणेश मंदिर पर भी भक्तों द्वारा गणेश प्रतिमा स्थापित की जावेगी।

## आज घर-घर विराजेंगे गजानंद, दस दिन तक रहेगी गणेश उत्सव की धूम







कानड़ । आज गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में भगवान गणेश की विधि-विधान के साथ घर-घर स्थापना होगी। इधर गणेशोत्सव को लेकर बाजार मे भगवान गणेश की प्रतिमाओं दुकान सज गई है कई दुकानों पर आकर्षक गणेश प्रतिमाएं देखी गईं। कई जागरूक लोग ईको फ्रेंडली मिट्टी की प्रतिमाएं बना रहे हैं। बाजार में प्रतिमाएं खरीदने के लिए लोगों की भीड़ दिख रही है। जगह-जगह गणेशजी की झांकियों के लिए आकर्षक पंडाल सजाए जा रहे हैं, साथ ही आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। नगर मे अधिक सार्वजनिक स्थानों पर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी, इसी प्रकार घरों में भी गणेश स्थापना कर श्रद्धालु दस दिनों तक भक्ति करेंगे। गणेश उत्सव के चलते नगर में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर पंडाल सजाए गए हैं, वहीं कई स्थानों पर आकर्षक झांकियां सजाई जा रही है।

### पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए शिवाय ने मिट्टी के गणेश बनाए





**नलखेड़ा।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए मिट्टी के गणेश की प्रतिमा बनाई जा रही है तथा आज उनकी विधि विधान से स्थापना भी की जावेगी। 6 वर्षीय बालक शिवाय व्यास ने अपने पिता रामकृष्ण व्यास से मिले मार्गदर्शन पर मिट्टी के गणेश बनाये है। मिट्टी के गणेश बनाने का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है, क्योंकि मिट्टी की प्रतिमाएं पानी में घुलकर पुनः मिट्टी में मिल जाती हैं और नदियों को प्रदूषित नहीं करती हैं। भगवान गणेश का प्रकृति में विलय, जिससे जलीय जीवन की रक्षा होती है और पानी भी स्वच्छ रहता है। शिवाय की इस पहल को समाज में व्यापक समर्थन मिल रहा है, और लोग अब मिट्टी के गणेश बनाने और स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। यह बदलाव न केवल पर्यावरण को बचाने में मदद करेगा, बल्कि हमारी संस्कृति और प्रकृति के बीच के संबंधों को भी मजबूत करेगा।

## हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में हरतालिका तीज के पर्व पर मंगलवार को सुहागिन महिलाओं द्वारा अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखते हुए शिव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई। कुंवारी कन्याओं द्वारा भी अच्छे वर की कामना को लेकर इस व्रत को किया गया। हरतालिका तीज हिंदू धर्म का एक पावन त्यौहार है। महिलाओं द्वारा यह पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन के रूप में मनाया जाता है। हरियाली तीज की ही तरह विवाहित महिलाएं अपने अखंड सौभाग्य की कामना के लिए यह व्रत रखती हैं। वहीं अविवाहित लड़कियां अच्छे वर की कामना के लिए इस व्रत को रखती हैं। मान्यता है कि संतान सुख भी इस व्रत के प्रभाव से मिलता है। नगर में हरतालिका तीज का पर्व मंगलवार को मनाया गया। सुहागिन महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र की कामना भगवान शिव और माता पार्वती से कर उनकी पूजा अर्चना की गई।

### सिंघई साधु चरित्र रक्षक उपाधि से सम्मानित

**नलखेड़ा।** सुसनेर नगर जैन समाज के गौरव सिंघई मोहित जैन को पट्टाचार्य विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक सुयोग्य शिष्य प्रसन्नमन प्रनूत सागर जी महाराज के सानिध्य एवं आशीर्वाद से भगवान महावीर स्वामीजी की तपोभूमि एवं जगत प्रसिद्ध बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में जैन समाज के विशाल धार्मिक मंच पर साधु चरित्र रक्षक की उपाधि से सम्मानित किया गया '



इससे पहले भी सिंघई देश के कई शहरों में सम्मानित हो चुके हैं। सिंघई मोहित जैन पहले भी मुंबई में धर्म प्रवाहक इंदौर में जैन आईकन अवार्ड एवम विश्व के सबसे बड़े गो अभ्यारण सालरिया सुसनेर में गो सेवक की उपाधि से अलंकृत हो परिवार ही नहीं पूरे जैन समाज नगर का मान बढ़ाया है । समय समय पर बाहर के शहरों में जैन आचार्यों मुनियों के सानिध्य में सम्मानित किए जाना इस बात को साबित करता हे कि किसी भी व्यक्ति के भीतर की कला या कोई भी काम किसी की मोहताज नहीं होती है उसे परखने वाले लोग हमेशा पहचानते है और सराहना करते हे यही वजह है कि मोहित को बड़े मंचों पर आमंत्रित कर सम्मानित किया जाता है। यह सम्मान सिर्फ मोहित का नहीं बल्कि पूरे जैन समाज के साथ साथ नगर का भी गौरव बढ़ाया है इनके समर्पण और धर्म के प्रति निष्ठा युवाओं के लिए प्रेरणा हे आप इसी तरह समाज की आवाज और धर्म संरक्षक बने रहे। सिंघई मोहित जैन सुसनेर के धार्मिक समाजसेवी सिंघई बड़ा जीन वाले परिवार के होकर वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी सिंघई ललित जैन के सुपुत्र है। मोहित के सम्मान पर नगर के राजनैतिक दलों सामाजिक संगठन इष्ट मित्रों के अलावा समस्त पत्रकारों द्वारा हार्दिक बधाई देते हुए इनके ओर उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

## योग, आयुर्वेद, जैविक आहार, स्वदेशी चिकित्सा व भारतीय शिक्षा बोर्ड से शिक्षा क्रांति का संकल्प

# पतंजलि योगपीठ का योग शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

विश्व योग ऋषि परम पूज्य स्वामी रामदेव महाराज के विराट संकल्प योगमय, संस्कारित और सशक्त भारत को पूर्ण करने हेतु उनके प्रतिरूप पूज्य स्वामी परमार्थ देव महाराज ने आगर जिले में एक दिवसीय योग शिविर एवं कार्यकर्ता बैठक में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि ‌ योग, आयुर्वेद, जैविक आहार, स्वदेशी परंपरागत चिकित्सा, सनातन धर्म एवं भारतीय शिक्षा बोर्ड से जुड़कर शिक्षा क्रांति का शुभारंभ होगा।

यह भारत को पुनः अपने स्वर्णिम वैभव की ओर ले जाने का सशक्त मार्ग है। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती बीमारियों, नशे और अव्यवस्था का स्थायी समाधान योग और आयुर्वेद ही है। यदि प्रत्येक परिवार योग अपनाएगा तो रोग मुक्त और नशा मुक्त समाज का निर्माण होगा। पूज्य स्वामी परमार्थ देव जी ने पतंजलि योग समिति संगठन के विस्तार पर विशेष बल दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि प्रत्येक ग्राम, वार्ड और तहसील में कम से कम 50 सक्रिय कार्यकर्ता तैयार करें। यही कार्यकर्ता ग्रामों को संगठित कर, योग शिक्षा के साथ संस्कारित समाज का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक घर में एक योगी तैयार होगा तो धीरे-धीरे पूरा परिवार योगमय बनेगा। योगाभ्यास के साथ संस्कारों की धारा बहेगी और आगर आदर्श




योगमय नगरी बनकर उदाहरण प्रस्तुत करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ‌ योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और आध्यात्मिक पद्धति है। इसके साथ ही जैविक आहार अपनाकर, स्वदेशी चिकित्सा का प्रयोग कर तथा सनातन धर्म के मूल्यों को जीवन में उतारकर ही हम भारत को पुनः ‌ विश्वगुरु ‌ बना सकते हैं। पूज्य स्वामी परमार्थ देवजी ने यह विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही आगर जिला नशा मुक्त, रोग मुक्त और संस्कारिक नगरी के रूप में देश के सामने एक आदर्श उदाहरण बनकर उभरेगा। विशेष अतिथी महंत विशालदास महाराज अखिल भारतीय संत समिति अध्यक्ष उज्जैन ने कहा की पतंजलि योगपीठ द्वारा देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व में योग को जन-जन तक पहुंचा वैदिक परंपरा के ध्वजवाहक काशीराम आर्य ने भी योग साधकों को संबोधित किया।

## नलखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस पर देव सेना ने किया बाइक रैली का आयोजन

गुर्जर सम्राट मिहिर भोज की तस्वीर पर समाजजनों ने माल्यार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





अंतरराष्ट्रीय गुर्जर दिवस के अवसर पर देव सेना द्वारा मंगलवार को नलखेड़ा नगर में उत्साह और गौरव के साथ भव्य बाइक रैली जुलूस निकाला गया। गुर्जर समाज की एकता, संस्कृति और योगदान को रेखांकित करते इस आयोजन में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ गुर्जर समाज की एकता और शौर्य का प्रतीक बनकर गुजरा।

इसमें पारंपरिक परिधान में सजे युवक, ढोल-नगाड़ों की गूंज, और समाज के वरिष्ठजनों की मौजूदगी ने वातावरण को गौरवमयी बना दिया। जुलूस की शुरुआत नगर के प्रमुख मंदिर से की गई। समाज के युवाओं ने ₹ जय देव सेना ₹ और ₹ गुर्जर समाज एकता जिंदाबाद ₹ जैसे नारों के साथ जोश भरा प्रदर्शन किया।वहीं सांस्कृतिक झांकियों और पारंपरिक प्रतीकों ने समाज की ऐतिहासिक विरासत को जीवंत किया। रैली में सैकड़ों की तादात में गुर्जर समाज के जन व अतिथि के रूप में उपेन्द्र सिंह छावडी सारंगपुर ( जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि) बाइक रैली में शामिल हुए। तत्पश्चात रेली भगवान देवनारायण मंदिर डोकरपूरा में सभा के रूप में परिवर्तित हुई। कार्यक्रम में गुर्जर सम्राट मिहिर भोज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर देवसेना जिलाध्यक्ष बनेसिंह गुर्जर व समाज के विभिन्न पदाधिकारियों ने गुर्जर समाज के इतिहास, योगदान और युवाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

## उज्जैन में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# धर्म प्रभावना पर नलखेड़ा की बेटी आर्ची जैन हुईं सम्मानित



**नलखेड़ा।** सोशल मीडिया के माध्यम से जैन धर्म का प्रचार प्रसार करने एवं धर्म प्रभावना बढ़ाने पर धार्मिक नगरी नलखेड़ा कि बेटी का उज्जैन में आयोजित समारोह के दौरान सम्मान किया गया। पट्टाचार्य मुनि श्री 108 विशुद्ध सागरजी महाराज के शिष्य श्री 108 श्री प्रणुत सागरजी महाराज के सानिध्य में प्रसन्न मन टीम के द्वारा दिगंबर जैन मंदिर लक्ष्मी नगर उज्जैन में आयोजित धर्म प्रभाव सम्मान समारोह में नलखेड़ा की आर्ची जैन को सम्मानित किया गया। सम्मान के रूप में आर्ची जैन को प्रशस्ति पत्र के साथ शाल श्रीफल भेंट किया गया। बता दे की आर्ची जैन के द्वारा लंबे समय से सोशल मीडिया पर जैन धर्म की प्रभावना बढ़ाने के उद्देश्य से जैन समाज से संबंधित कार्यक्रम की सूचना एवं जैन धर्म की जानकारी सर्वधर्मजनों तक पहुंचाने मे योगदान किया है। सोशल मीडिया पर आर्ची जैन के पेज अहिंसा परमो धर्म के माध्यम से भी इनके द्वारा जैन धर्म के सिद्धांतो को जन - जन तक पहुंचाया जाता है। उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में आर्ची जैन को सम्मानित किया ।

## चातुर्मास के दौरान चल रहे धार्मिक प्रवचन का जैन समाजजन उठा रहे धर्मलाभ

# गुरु और शिष्य का संबंध निष्काम भाव का: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

भक्ति से ही भक्त भगवान बनता है, भाग्यशाली ही परमात्मा की भक्ति कर सकता है। बिना श्रद्धा के भक्ति होना असंभव है, ऐसा व्यक्ति मंदिर में आने के बाद मंदिर से जल्दी भागने की कोशिश करता है। पुण्य न होने पर सुबह से शाम तक मेहनत करने पर भी धन की प्राप्ति नहीं होती है वहीं एक पुण्यशाली एक फोन पर अपार धन की प्राप्ति कर सकता है। गुरु और शिष्य का संबंध स्वार्थ के नहीं होते हैं, गुरु और शिष्य का संबंध तो निष्काम भाव वाला होता है। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि भक्त और भक्ति का संबंध व गुरु और शिष्य का संबंध स्वार्थ के नहीं होते हैं।



वास्तविक भक्ति, भक्त से भगवान बनाने वाली होती है। भक्ति से भक्त संसार से पार हो सकता है। गृहस्थी भी भरत चक्रवर्ती के समान षट् आवश्यक पूर्ण करके भक्त बन सकता है। उन्होंने कहाकि गुरु और शिष्य का संबंध निष्काम भाव वाला होता है। आचार्य भगवन राष्ट्र संत विराग सागरजी महाराज ने 18 लिपियों का सृजन किया। गुरुदेव ब्राह्मी लिपि के भी ज्ञाता थे। आचार्य कुंदकुंद ने 84 पाहूड लिखे थे विरागसागरजी ने हमें अष्ट पाहूड का अध्ययन करवाया था। जो देव शास्त्र गुरु की भक्ति करता है वही मोक्ष मार्ग में आगे बढ़ता है। जो ध्यान करता, जो निर्दोष चारित्र का पालन करता है वही जीव मोक्ष मार्ग पर जाता है।

मुनिश्री ने कहाकि पंडित बनारसीदास पगड़ी बेचते थे उनको नियम सीमित पगड़ी बेचने का था। नियम से जितनी पगड़ी बिक जाती उसके बाद आने वाले ग्राहकों से पास वाली दुकान पर पगड़ी लेने की बोलते थे। शेष समय पंडित जी भक्ति करते थे। भक्त और भक्ति का संबंध व गुरु और शिष्य का संबंध स्वार्थ के नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि अभागे व पापी कभी भी जिनवाणी का श्रवण नहीं कर पाते। संतों ने तो रसास्वादन कर लिया गृहस्थों को भी भक्ति का रसास्वादन करना चाहिए। जिनवाणी संसार भ्रमण से बचाती है। दोषों से मुक्त होने के लिए संसार व शरीर से उदासीन हो जाओ दोषों से रहित होने के लिए ममता छोड़ना पड़ेगी। मुनि श्री ने कहा कि पुण्य से ही धन प्राप्त होता है। धर्म से विरक्त व्यक्ति किस भव को प्राप्त होगा कहा नहीं जा सकता।



लौकिक सुख पुण्य से प्राप्त होगा। एक व्यक्ति धनी परिवार में जन्म लेता है दूसरा रोड़पति के यहां जन्म लेता है, यह सब पुण्य कर्म की देन है। इस सत्य को समझना चाहिए। उन्होंने कहाकि मंदबुद्धि जीव धन के पीछे भागते रहते हैं। भरत का पुण्य देखो उसने कभी मन में भी नहीं सोचा कि मेरा राजतिलक होगा। भरत का पुण्य उदय आया तो राज्याभिषेक के समाचार आते हैं वहीं राम के राज्य तिलक का मुहूर्त बड़े-बड़े गुरु ने निकाला था लेकिन अशुभ कर्म के उदय से उन्हें जंगल जाना पड़ा। यह सब कर्मों का खेल है। राम के राज्याभिषेक के समाचार से सभी अयोध्यावासी प्रसन्न थे लेकिन क्षण भर में कैकयी के राग से राम को जंगल जाना पड़ता है। राम वनवास के लिए दशरथ भी वचन से बंधे थे, भरत राज्य को स्वीकार नहीं करते हैं। समस्त अयोध्यावासी राम को जंगल से वापस लाने के लिए जाते भी हैं। लेकिन वहां वापस नहीं आते हैं। मुनि श्री ने कहाकि हमें उदासीनता का आश्रय लेना चाहिए भरत के मन में भी राज्य के प्रति उदासीनता आ गई थी। लेकिन संसार के प्रति उदासीन न होने पर हम कई भवों में भटकते रहेंगे। संसार, शरीर, भोगों से उदासीनता रखना चाहिए। सांसारिक व शरीर से उदासीनता भगवान बना देती है। संसार में हमने आनंद व भोगों का कई बार उपभोग किया लेकिन संतुष्ट नहीं हो पाए। मुनिश्री ने कहाकि शरीर भी पल-पल परिवर्तित है, सभी दोषों से निर्मोही होकर संसार से उदासीन होना होगा।

**खबर संक्षेप**

### निगम ने मधु मिलन चौराहे से अस्थाई अतिक्रमण हटाया

**देवास।** शहर के नागरिकों के आवागमन की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुये शहर मे अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये जाने के साथ ही व्यस्तम मार्ग इन्दौर रोड के भी अस्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने के निर्देश आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा निगम की टीम को दिए गए। सोमवार को निगम स्वास्थ्य विभाग टीम के द्वारा ट्रैफिक पुलिस की टीम के सहयोग से मधुमिलन चौराहे से लेकर नगर निगम के दोनों साइड में अस्थाई अतिक्रमणों को हटाए जाने की कार्यवाही के साथ 4 हजार 5 सौ रुपए का स्पॉट फाइन भी निगम की टीम के द्वारा किया गया। अस्थाई अतिक्रमणों को हटाये जाने की कार्यवाही में निगम प्र.स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसोदिया, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, प्र.स्वच्छता निरीक्षक ओमप्रकाश पथरोड़,ट्रैफिक पुलिस से सहायक उप निरीक्षक भगवान सिंह दरबार निगम से दरोगा राजकुमार कल्याणे, उमेश सांगते एवं रिमूवल टीम उपस्थित रही।


### एक दिवसीय कार्यशाला में दी जानकारी

**देवास।** निकोंन मिरलेंस कैमरा फोटोग्राफी कंपनी की एकदिवसीय वर्कशॉप देवास फोटोग्राफर एसोसिएशन के तत्वाधान में होटल खेड़ापति इंटरनेशनल में आयोजित की गई। जिसमें वेडिंग, सिनेमैटोग्राफी फोटोग्राफी के बारे में अपडेट जानकारी दी। निकोन कंपनी के मेटर विजय शाह ,चेतन पहल के द्वारा कंपनी के कैमरे एवं फोटोग्राफी न्यू टेक्नोलॉजी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। देवास फोटोग्राफर एसोसिएशन के संयोजक देवेंद्र सिंह गौड़, अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, सचिव प्रवीण चौहान, कोषाध्यक्ष लखन सिंह प्रजापति, उपाध्यक्ष आयोजक मुकेश नागर,उपाध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव, महामंत्री आशीष जयसवाल, मीडिया प्रभारी राधेश्याम गुर्जर, प्रदीप नाथ, रामेश्वर जायसवाल, अशोक प्रजापति, अर्जुन राठौर सहित फोटोग्राफर उपस्थित थे।

**गणेशोत्सव आज:** घर-घर विराजेंगे गणपति बप्पा, सजे बाजार, शहर में रौनक

# भौंरासा के मंदिर में करीब 400 वर्ष पुरानी श्री गणेश की स्वयंभू विराजमान चमत्कारी प्रतिमा की होगी पूजा-अर्चना





नगर के बाजार गणपति बप्पा की प्रतिमाओं, फूलों और सजावट के सामान से सजे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास/भौंरासा/चापड़ा

शहर में गणेशोत्सव की धूम मच चुकी है। दस दिवसीय इस महापर्व की शुरुआत आज से हो रही है, जिसके लिए देवास के बाजारों और घरों में भक्ति और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। गणपति बप्पा के स्वागत के लिए पूरा शहर तैयार है। सुबह से ही शहर के प्रमुख बाजार जैसे एमजी रोड, जवाहर चौक और मुख्य मार्केट गणपति बप्पा की प्रतिमाओं, फूलों और सजावट के सामान से पूरी तरह सज गए हैं। दुकानों पर विभिन्न आकारों और रंगों की सुंदर मूर्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें मिट्टी से बनी पर्यावरण-अनुकूल प्रतिमाओं की विशेष मांग है। लोग अपने घरों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापित करने के लिए प्रतिमाएं, रंग-बिरंगी मालाएं, मोदक, और अन्य पूजा सामग्री खरीदने के लिए बड़ी संख्या में उमड़ पड़े हैं। इस खरीदारी की चहल-पहल से बाजारों में एक अलग ही रौनक दिखाई दे रही है।

### बैलगाड़ी से आए गणेश, स्वयं हुए विराजमान

**भौंरासा।** बाबा भंवरनाथ की नगरी के नाम से विख्यात भौंरासा नगर के बीचो-बीच श्री गणेश मोहल्ला क्षेत्र स्थित गणेशधाम मंदिर में स्वयं भू स्थापित प्रतिमा स्वतः संसार में पहली गणेश प्रतिमा होगी जो मंदिर में किसी के द्वारा स्थापित नही की गई अपितू स्वयं ही भू स्थापित हुई है। यहां पर दूर-दूर से श्रृद्वालु दर्शन



करने आते हे तथा श्री गणेश सभी भक्तो की मनोकामनाए पूरी करते हैं। जब किसी के घर विवाह समारोह हो या शुभ कार्य की शुरूआत होती हे तो पहले पाती श्री सिध्द विनायक गणेश के यहां रखना कोई नही भूलाता और श्री सिध्द विनायक गणेश भी हर एक के शुभ काम को संवारने आर्शिवाद देना नही भूलते हैं। श्री गणेश जी की मूर्ती प्रतिमा मूर्तीकला की बेजोड़ कारीगिरि तो हैं ही, साथ में चमत्कारी भी हैं। यहां दर्शन मात्र से श्रद्धालुओं को अत्मिक शांति मिलती है। भक्त बताते हैं ,कि यहा माथा टेकने से मन की मनोकामनए पूरी होती हैं। मंदिर के पुजारी महंत संतोष गिरी गोस्वामी ने बताया की गणेश जी की इस अद्भुत अति प्राचीन चैतन्य प्रतिमा को कुछ लोग वर्षो पहले जयपुर से लेकर आए थे जो बेलगाड़ी से बागली जा रहे थे रात्रि विश्राम के लिए भौंरासा नगर में महंत नाथूगिरि गोस्वामी के मठ पर रूक गए गणेश प्रतिमा बेलगाड़ी में रखी थी किन्तु जब सुबह उठकर देखा तो प्रतिमा बेलगाड़ी से गायब होकर मठ में विराजमान हो चूंकि थी। तब बागली के लोगो ने प्रतिमा को बागली ले जाने के लिए उठाने का प्रयास किया तो प्रतिमा उठाना तो दूर वहां से हिली तक नही, अखिरकार थक हार कर वे लोग खाली हाथ बागली लौट गए तथा बाद में महंत तथा भौंरासावासियो ने उक्त प्रतिमा की पूरी विधी विधान से स्थापना की, तब से आज तक हजारो श्रृध्दालुओ की मनोकामनाए पूरी हुई। इसी प्रकार गणेश स्थापना के अवसर पर प्रति वर्ष नगर परसाई संजय जोशी, अनना भाई ठाकुर, नविन डोडिया, दिनेश ठाकुर, बिटटू ठाकुर द्वारा महाआरती कर सवा क्विंटल लड्डुओ का भोग लगाया जाता है।

### महिलाओं की सुनी गोद भरती है

जिन महिलाओं को बच्चे नही होते है वह अगर यहॉ पर आकर सच्चे मन से भगवान गणेश की पूजा अर्चना करती है और उल्टा स्वास्तिक बनाकर मन्नत मांगती है तो साल भर के अंदर महिलाओं की सुनी गोद भर जाती है। ऐसे एक दो नही कई उदाहरण है जिनको बारह बारह साल तक कोई संतान नही थी उन्होने मन्नत मांग मांगी तो उनके यहॉ गणेश चतुर्थी के दिन ही संतान की प्राप्ति हुई।

### क्या कहते हैं श्रद्धालु

नगर परसाई संजय जोशी का कहना है, की नगर के बीचो बीच चमत्कारी श्री गणेश प्रतिमा के दर्शन पश्चात अपने सारे काम शुरू करता हूं जिसमें श्री गणेश भगवान के अर्शिवाद से सफलता प्राप्त होती हे। मेरा जन्म भी गणेश जी की कृपा से ही हुआ है। गणेश जी की प्रतिमा बहुत ही चैतन्य एंव चमत्कारी है। श्री गणेश प्रतिमा के दर्शन मात्र से सारे काम शुभ होते है

### नगर में गुंजेंगे बप्पा मोरिया के जयकारे

**चापडा।** नगर में आज से अलग-अलग स्थान पर गणपति बप्पा की स्थापना की जाएगी। 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान गणेश उत्सव समितियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नेमावर रोड पर स्थित प्राचीन गणेश मंदिर पर भी गणेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मंदिर में रिद्धि-सिद्धि के साथ गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। जहां पर प्रतिदिन शाम को गणेशजी की महाआरती का आयोजन व लड्डू की प्रसादी का वितरण होगा। मोहनलाल उपाध्यक्ष ने बताया कि नगर में एकमात्र गणेशजी का मंदिर है जहां पर क्षेत्र नहीं बल्कि जिले की सबसे बड़ी गणेश जी की प्रतिमा स्थापित है। यह प्रतिमा कारीगर द्वारा वर्षों पहले बनाई गई थी, जो कि आज भी आकर्षण का केंद्र है। इतनी बड़ी गणेश जी की प्रतिमा अन्य किसी भी गांव शहर में नहीं है। विकास त्रिवेदी ने बताया है कि उक्त मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। जहां पर गणेश उत्सव के दौरान समिति के माध्यम से सभी के सहयोग से महाआरती का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हाटपिपलिया मार्ग पर धनगर मोहल्ले में श्री महाकाल गणेश उत्सव समिति के तत्वाधान में प्रतिदिन आरती के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं पुलिस चौकी के पास बाल गणेश उत्सव समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा भी गणेश जी की स्थापना की जाएगी। बुधवार को शुभ मुहूर्त में प्रतिमा की स्थापना होगी।

## महापर्व का सातवां दिन: जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकरों का किया चरित्र स्मरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



शिवपुर-मातमौर महातीर्थ पर भव्य पर्युषण महापर्व पर पद्मभूषणरत्नसूरीश्वर महाराज तथा श्रीऋषभरत्नविजय महाराज साहब की सानिध्यता में पर्युषण महापर्व के सातवें दिन जैन धर्म के प्रमुख तीर्थंकरों भगवान पार्श्वनाथ, भगवान नेमिनाथ और भगवान आदिनाथ के जीवन चरित्र का स्मरण तथा भगवान महावीर स्वामी से चली आ रही पाठ परंपरा का विशद वर्णन किया गया। भगवान पार्श्वनाथ जैन धर्म के तेइसवें तीर्थंकर हैं जिनका जन्म वाराणसी में हुआ था। वे बचपन यह से ही दयालु और वैराग्ययुक्त थे। 30 वर्ष की आयु में उन्होंने राजपाठ का त्याग कर दीक्षा ली और कठोर तपस्या के बाद केवल ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने जैन धर्म के चार मुख्य व्रत — सत्य, अहिंसा, अस्तेय और अपरिग्रह — की स्थापना की। अंततः सम्मेद शिखरजी (झारखंड) में उन्होंने मोक्ष प्राप्त किया। भगवान नेमिनाथ चौबीसवें तीर्थंकर हैं। उनका जन्म यादव वंश के राजा के यहाँ हुआ था। विवाह अवसर पर जीव हिंसा का दृश्य देखकर उन्होंने संसार का परित्याग किया और कठोर तपस्या में प्रवृत्त होकर चतुर्थ मनःपर्यय ज्ञान प्राप्त किया। वे आत्म-संयम और वैराग्य के आदर्श माने जाते हैं। अंततः उन्होंने मोक्ष की प्राप्ति की। भगवान आदिनाथ जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं। उन्होंने मानव समाज को कृषि, शिल्प, व्यापार आदि का ज्ञान दिया। तप, संयम, चारित्र और अहिंसा के आदर्श स्थापित किए और अंततः मोक्ष प्राप्त किया। भगवान महावीर स्वामी ने श्रमण, श्रमणी, श्रावक और श्राविका के लिए चतुर्विध संघ की स्थापना की। उन्होंने अहिंसा, सत्य, अपरिग्रह, अस्तेय और ब्रह्मचर्य जैसे महान व्रतों की शिक्षा दी। उनकी शिक्षा और साधना की परंपरा आज भी जीवित है। पर्युषण पर्व में कल्पसूत्र, नवकार मंत्र तथा आगम ग्रंथों का पाठ एवं श्रवण किया जाता है, जो संयम, क्षमा और आत्मजागरण का संदेश देता है। कार्यक्रम कीघोषणा करते हुए बताया कि आज 8:30 बजे श्री बारसासूत्र का सूत्र पाठ पूज्य आचार्य के पावन मुख से संपन्न होगा। इसका श्रवण सभी के लिए कल्याणकारी एवं मंगलकारी रहेगा तथा समापन में सभी जीवों को क्षमा प्रदान की जाएगी।

## साइबर ठगी का पर्दाफाश करने वाली देवास पुलिस टीम को दिया इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

24 जून को एक पीड़ित व्यक्ति को अज्ञात आरोपी द्वारा सीनियर पुलिस ऑफिसर कोलाबा पुलिस स्टेशन, मुंबई बनकर मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने की धमकी दी गई। आरोपी ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल के माध्यम से फरियादी को डिजिटल अरेस्ट में रखते हुए डराया-धमकाया और आरटीजीएस के माध्यम से 20,81,382 की राशि अज्ञात बैंक खातों में ट्रांसफर करवा ली। इस गंभीर साइबर ठगी के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए देवास एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में एसडीओपी आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी सतवास भगवान दस बीरा के नेतृत्व में साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर 8,18,322 की राशि होल्ड करवाई। थाना सतवास में अपराध के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं सूझबूझ से दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र व इंदौर से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त 11,61,956 की राशि होल्ड कराकर बड़ी सफलता अर्जित की। इस सराहनीय उपलब्धि के लिए डीजीपी कैलाश मकवाना द्वारा देवास पुलिस टीम को 23,000 के पुरस्कार से सम्मानित किया। निरीक्षक बीडी बीरा पुलिस लाइन 5,000, उपनिरीक्षक सरदार मंडलोई थाना सतवास 4,000, उपनिरीक्षक यश नाईक पुलिस लाइन 4,000 आरक्षक योगेश कदम साइबर सेल 2,000 आरक्षक सोनू कुमार साइबर सेल 2,000 आरक्षक युवराज सोलंकी साइबर सेल 2,000 महिला आरक्षक निशा पाटोरिया साइबर सेल 2,000 आरक्षक राजेन्द्र सिंह राजपूत थाना सतवास 2,000 को प्रदान की।

## राम मंदिर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने सामूहिक रूप से किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



हरतालिका व्रत को हरतालिका तीज या तीजा भी कहते हैं। यह व्रत भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हस्त नक्षत्र के दिन रखा जाता है। इस दिन कुमारी और सौभाग्यवती स्त्रियाँ गौरी-शङ्कर की पूजा करती हैं। उक्त बातें हरतालिका तीज पर श्री राम मंदिर पर मंगलवार को हरतालिका तीज व्रत पर पुजन के दौरान पंडित अशोक उपाध्याय ने महिलाओं को बताई। उपाध्याय ने बताया कि यह त्योहार करवाचौथ से भी कठिन माना जाता है, क्योंकि जहां करवाचौथ में चन्द्र देखने के उपरांत व्रत सम्पन्न कर दिया जाता है। वहीं इस व्रत में पूरे दिन निर्जल व्रत किया जाता है और अगले दिन पूजन के पश्चात ही व्रत सम्पन्न होता है। इस व्रत से जुड़ी एक मान्यता यह है कि इस व्रत को करने वाली स्त्रियां पार्वती जी के समान ही सुखपूर्वक पतिरमण करके शिवलोक को जाती हैं। सौभाग्यवती स्त्रियां अपने सुहाग को अखण्ड बनाए रखने और अविवाहित युवतियां मन अनुसार वर पाने के लिए हरितालिका तीज का व्रत करती हैं। सर्वप्रथम इस व्रत को माता पार्वती ने भगवान शिव शङ्कर के लिए रखा था। इस दिन विशेष रूप से गौरी शंकर का ही पूजन किया जाता है। इस दिन व्रत करने वाली स्त्रियां सूर्योदय से पूर्व ही उठ जाती हैं और नहा धोकर श्रृंगार करती हैं। पूजन के लिए केले के पत्तों से मंडप बनाकर गौरी शङ्कर की प्रतिमा स्थापित की जाती है। इसके साथ शिव पार्वती जी को सिमरन , भजन, कीर्तन करते हुए जागरण कर तीन बार आरती की जाती है और शिव पार्वती विवाह की कथा सुनी जाती है। इस दौरान महिलाओ ने भोलेनाथ का पूजन किया। साथ ही बड़ी संख्या में महिलाओं ने यज्ञ कर पंडित व्दारा व्रत उजमाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में महिलाएं मंदिर पहुंची और पुजन किया गया। मां अंबिका मंदिर चौराहा, बाजार पट्टी अंबिका चौक मंदिर पर भी महिलाओं ने हरतालिका व्रत पर कथा सुनने के साथ ही पूजन किया।

**13 सितम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध बैठक हुई आयोजित**

# नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को दें समझाइश: मिश्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में 13 सितम्बर 2025 शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में 26 अगस्त को मंगलवार को दोपहर 02.00 बजे जिला अभिभाषक संघ देवास में अधिवक्तागणों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में अजय प्रकाश मिश्र अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण देवास ने उपस्थित अधिववक्तागणों को संबोधित करते हुए कहा कि नेशनल लोक अदालत में न्यायालय के साथ - साथ अधिवक्तागण का भी विशेष सहयोग एवं भूमिका रहती है कि वह पक्षकारों को नेशनल लोक अदालत में राजीनामा हेतु प्रेरित कर सकते है।

साथ ही नेशनल लोक अदालत में अधिकाशतः मामले जैसेः- मोटर दुर्घटना दावा, राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 चैंक बाउंस, एवं वैवाहिक मामलों में विशेष रूप से राजीनामा की संभावना अधिक रहती है। बैठक में सुमन श्रीवास्तव विशेष न्यायाधीश/प्रभारी नेशनल लोक अदालत, विकास शर्मा अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, उमाशंकर अग्रवाल प्रथम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, अभिषेक गौड़ पंचम अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, राजेन्द्र कुमार पाटीदार तृतीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, प्रसन्न सिंह भेरावत चतुर्थ अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, डॉ. रविकांत सोलंकी अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, भारत सिंह कनेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीलेन्द्र कुमार तिवारी न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड, रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास, सुभाष चौधरी जिला विधिक सहायता अधिकारी देवास एवं अशोक वर्मा अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों का निराकरण कराने पर विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों एवं बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में संबंधित विभागों द्वारा नियमानुसार विशेष छूट दी जाएगी। इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र द्वारा अधिवक्तागणों से अपील की गई कि- अधिवक्तागण विशेष रूप से रूचि लेकर नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों को समझाईश दे कि राजीनामा के आधार पर मामले का शीघ्र और बिना किसी व्यय के निराकरण होता है और पक्षकारों के बीच प्रेम और स्नेह बना रहता है।

लोक अदालत में नेशनल लोक अदालत में सिविल एवं चैक अनादरण से संबंधित प्रकरणों में न्याय शुल्क की राशि की नियमानुसार वापसी होती है जिससे पक्षकारों को अतिरिक्त लाभ होता है। अतः अधिक से अधिक पक्षकार इस अवसर का लाभ उठाएं।

## गवली समाज की महिलाओं ने श्रृंगार कर विधिवत रूप से की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में सुहागिनों का प्रमुख पर्व हरतालिका तीज पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। देवास में जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों के बीच, गवली समाज की महिलाओं ने एक विशेष आयोजन कर इस पर्व को धूमधाम से मनाया। समाज के युवा समाजसेवी कपिल यादव ने बताया कि गवली यादव समाज की महिलाएं इस अवसर पर गवली मोहल्ला स्थित मांगलिक भवन में एकत्रित हुई। सभी ने तीज का निर्जला व्रत रखकर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना की। पर्व के महत्व के अनुसार, सभी महिलाओं ने पारंपरिक और आकर्षक वेशभूषा में श्रृंगार किया हुआ था, जो इस आयोजन की शोभा बढ़ा रहा था। उन्होंने शिव-पार्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा-अर्चना की और अपने सुहाग की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के बाद, महिलाओं ने मिलकर भजन-कीर्तन किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान हंसी-मजाक और पारंपरिक तीज गीतों का भी दौर चला, जिससे कार्यक्रम में और अधिक उत्साह भर गया।

खबर संक्षेप

### तालबेहट के ग्राम रामपुर में सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**ललितपुर।** विकास खण्ड तालबेहट की ग्राम पंचायत रामपुर में क्षेत्र की जनता से सीधा संवाद स्थापित करने हेतु एक जन चौपाल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जनपद के सदर विधायक रामरतन कुशवाहा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इस चौपाल कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को सीधे तौर पर सुनना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु विभागीय अधिकारियों के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को उपलब्ध कराई जाएगी तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे, ताकि जनता की शिकायतों एवं मांगों का मौके पर ही निस्तारण किया जा सके।

### जखौरा मंडल अध्यक्ष के प्रति अमर्यादित टिप्पणी शिकायती पत्र भेजा

**ललितपुर।** भाजपा की जखौरा मण्डल अध्यक्ष प्रियंका राजपूत पत्नी जितेन्द्र सिंह ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि उसके पति खेती-किसानी करते हैं, इसके साथ ट्रक-ट्रॉला के मालिक का कारोबार करते हैं। आरोप है कि विगत 23 अगस्त को गांव की रंजिश एवं सामाजिक पहचान खराब करने के उद्देश्य से ग्राम सिवनी निवासी एक युवक द्वारा फेसबुक पर लगातार उसके पति के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है। मण्डल अध्यक्ष ने बताया कि इन सभी मर्यादित टिप्पणी को लेकर उनके पति काफी डिप्रेशन में हैं। उन्होंने मामले की जांच करायी जाकर उक्त युवक के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

### रसभरी के 45 क्वार्टर समेत युवक को दबोचा

**ललितपुर।** कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक राहुल कुमार अपने हमराह हे.कां.समझावन सिंह व कां. गनेश के साथ हाईवे पर गश्त कर रहे थे। तभी भूपेन्द्र यादव ढ़ाबा से पहले पुलिया मसौराकलां पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति पुलिया पर खड़ा दिखाई दिया, जो कि पुलिस को देखकर सकपका गया और ढ़ाबे की ओर जाने लगा। पुलिस ने उसे घेरकर रोक लिया। जानकारी करने पर उसने अपना नाम मोहल्ला रावतयाना निवासी भूपेन्द्र पुत्र स्व.फेरनसिंह बताया। पुलिस ने उसके पास से प्लास्टिक के थैले से 45 क्वाटर रसभरी मार्का देशी शराब बरामद की। पकड़े गये भूपेन्द्र ने पुलिस को बताया कि वह उक्त शराब मसौराखुर्द की कलारी से बेचने के लिए लाया था। रात करीब 2 बजे की गयी इस कार्यवाही के बाद पुलिस ने भूपेन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### ड्राइवर व क्लीनर से मारपीट, पांच पर एफआईआर

**ललितपुर।** बस ड्राइवर और क्लीनर को रास्ते में रोककर मारपीट करने के प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद अब जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। मड़ावरा थानान्तर्गत ग्राम गोराकलां में रहने वाले संतोष पुत्र गोविन्द ने पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया था कि वह महाकाल बस संख्या यू.पी. 93 ए.टी. 7311 में कंडक्टर के रूप में तैनात है। बताया कि बीती 24 अगस्त को अपराह्न 3.40 बजे वह बस लेकर ललितपुर से धौरीसागर जा रहा था। वह जैसे ही रिलाइंस पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद मोहल्ला झांसीपुरा जेल चौराहा निवासी रोहित पुत्र विजय अहिरवार, अभिषेक अहिरवार, अभय अहिरवार, उदयवीर यादव एवं उग्गे अहिरवार ने एकराय होकर बस को रोका और ड्राईवर अशोक पुत्र रामू कुशवाहा व क्लीनर गोपाल के साथ मारपीट कर दी। इस घटना में ड्राईवर अशोक का मोबाइल गिरकर खो गया था। पुलिस ने संतोष की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

श्रीगणेश प्रतिमाओं की स्थापना के लिए सजने लगे भव्य पंडाल

# गणेशोत्सव 10 दिन मनेगा, कटरा बाजार के राजा विराजेंगे आसन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्रीगणेश चतुर्थी को विनायक चतुर्थी, विनायक चविथी या विनयगर चतुर्थी के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू धर्म को मानने वाले गणेश चतुर्थी पर सिद्धि विनायक गणेशजी का जन्मदिन मनाते हैं। इस दिन घरों, गलियों और सार्वजनिक पंडालों में गणेश जी की मूर्तियां स्थापित की जाती हैं।

गणेश उत्सव 10 दिन तक मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी को लेकर मूर्तियों का बाजार भी सज गया है। ललितपुर जिले में मुख्यालय स्थित श्रीगणेश प्रतिमा में विगत कई सालों से प्रतिमा स्थापित की जा रही है, जो कि स्पेशल मुम्बई से निर्माण करके विशालकाय प्रतिमा आती है, जो कि पूरे विधि-विधान, पूजन के साथ स्थापित की जाती है। अलग-अलग खाचों में श्रीगणेश, पगड़ी वाले गणेश, मयूरराज गणेश की मूर्तियां बनाई जाती हैं। हम बहुत ही सुंदर तरीके से मूर्तियों का श्रृगांर करते हैं। इनमें हम वेलवेट, रेनबो, चमकीले, स्पार्कल और ग्रेनाइट समेत अनेक कलर यूजकर मूर्तियों को सजाते हैं। यह मूर्तियां खड़िया मिट्टी से बनाई जाती हैं, जो पानी में आसानी से घुल जाती हैं। हमें एक मूर्ति बनाने में 10 से 15 दिन लग जाते हैं।

#### धूमधाम से मनाया जाता है गणेश उत्सव

गणेश उत्सव पूरे देश में बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी काफी खास होती है, क्योंकि इस दिन से अगले 10 दिनों तक गणेश उत्सव मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी के पहले दिन भक्तगण धूमधाम से गणेशजी को घर लेकर आते हैं और उनकी विधिवत पूजा अर्चना करते हैं। इसके साथ ही बप्पा की सेवा करने के साथ ही भव्य पंडाल भी बनाते हैं। गणेशजी की सेवा भक्त 10 दिनों तक विधिवत तरीके से करते हैं।

#### इनका कहना है

मूर्तिकार सुमित विश्वकर्मा बताते हैं कि वह विगत महीने से गणेशजी की मूर्तियों को बनाने मे लगे है। हम लोग बड़े ही परिश्रम और लगन से मूर्तियां बनाते हैं। हमें उम्मीद है कि हमारी सारी मूर्तियां बिक जाएंगी। मूर्तियां बनाने का उनका प्रत्येक वर्ष का काम है। इसी से हम लोगों का गुजारा चल जाता है। मूर्ति को हम लागत के अनुसार बिक्री करते हैं।

कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# राज्यपाल कल आएंगी, व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**राज्यपाल के जनपद आगमन व कल्याणसिंह सभागार में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रुप देने के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी अमलदीप डुली ने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक कर दिशा-निर्देश दिये।**

जिलाधिकारी ने एक-एक कर सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति जानी और अद्यतन प्रगति की बुकलेट तैयार कर लेने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के कार्यक्रम को पूरी भव्यता व सादगी से आयोजित किया जाएगा, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी अधिकारी उनको सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा और सतर्कता के साथ निभायें। बैठक में बताया गया कि 28 अगस्त को प्रातः 9:55 बजे हवाई सफर करके पुलिस लाइन हेलीपेड पर उतरेंगी और कार द्वारा प्रातः 10 बजे कल्याणसिंह सभागार पहुंचकर आंगनबाड़ी किट वितरण कार्यक्रम में प्रतिभाग एवं सम्बोधन करेंगी। इसके बाद 11:35 बजे सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक करेंगी। इसके उपरान्त हैलीपेड से लखनऊ के लिए प्रस्थाथान करेंगी। कार्यक्रम के बारे में बताया कि बैठक में समीक्षा हेतु बुकलेट में जनसेवाओं के डिजीटाईजेशन हेतु आईसीसीसी/वीआईसीसीसी, जनपद में नदियों का पुनरोद्धार, आईएसओ प्रमाणन, बेस्ट इलेक्टोरल प्रैक्टिसिस, बाल गृहों में निवासरत बच्चों को आधार की मदद से घर वापसी, कारी पहाड़ी गोशाला में बोबर गैस प्लाण्ड स्थापना एवं घरों में रसोई गैस की आपूर्ति, मातृ स्वास्थ्य देखभाल के प्रचार-प्रसार हेतु नवाचार, आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण व निष्प्रयोज्य सामग्री से खिलौनों का निर्माण, जनपद में 12 से 18 वर्ष की ड्रॉपआउट किशोरियों का विद्यालय में नामांकन हेतु सर्वे, विद्यालयों में बाल संसद के माध्यम से किये गए अभिनव प्रयोग, विद्यालयों में किचिन गार्डन का अभिवन प्रयोग, निपुण भारत मिशन के अंतर्गत अभिनव प्रयोग, ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अभिनव प्रयोग, 112 खेल मैदानों/मिनी स्टेडियम का निर्माण, आकांक्षात्मक विकासखण्ड के विद्युत से अवेसित ग्रामों को सोलर पावर से ऊर्जीकृत किया जाना, ठोस एवं तरल अवशिष्ठ प्रबंधन, ग्रामीण पुस्तकालयों का निर्माण, जल जीवन मिशन (ग्रामीण) पेयजल योजनाओं का निर्माण, मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति, बाल विकास योजना के तहत पोषाहार वितरण एवं कुपोषण की रोकथाम आदि परियोजनाओं की प्रगति को शामिल किया गया है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ मयंक शुक्ला, पीडीडीआरडीए दीपक यादव, डीसी मनरेगा रमेश कुमार यादव, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, जिला अर्थ संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रणवीर सिंह, डीसी इण्डस्ट्रीज अतहर जमाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के अभियंता उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी के नाम सौंपा ज्ञापन

# खाद के बढ़े दामों व काला बाजारी रोकने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बजरंग सेना ने खाद के बढ़े दामों एवं कालाबाजारी रोकने को लेकर प्रभारी शुभम पस्तोर के नेतृत्व में जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ दीपक पस्तोर ने बताया कि दुकानदारों को सरकारी रेट से अधिक दामों पर खाद जबरन दी जा रही है। जिससे स्वाभाविक रूप से किसानों को खाद मंहगी मिलेगी। ऐसी अवस्था मे बहुत से किसान खाद लेने से वंचित रह जाएगा।

उन्होंने खाद की समस्या का निस्तारण कराने की मांग की है। जिला संयोजक खुशाल समैया ने बताया कि किसानों को प्रत्येक वर्ष इस विकराल समस्या से जूझना पड़ता है उन्हें हर वर्ष 200 से 250 रुपए अधिक मूल्य पर डीएपी मिलती है किसान की इस घोर समस्या को जल्द से जल्द दूर करने की मांग की गई। जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी ने ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से निवेदन किया कि ललितपुर जिले के खाद के डिस्ट्रीब्यूटर की गोदामों पर उच्च स्तरीय अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच कराई जाए जिससे किसानों को अधिक से अधिक मात्रा में खाद बाजार में उपलब्ध हो सके। बजरंग सेना संगठन ने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द इस मामले पर किसानों उपलब्ध होने की बात रखी। संगठन ने किसानों की इस समस्या को हल न होने पर एक उग्र आंदोलन की चेतावनी भी जिला प्रशासन को दी।

ज्ञापन देते समय प्रदेश प्रभारी शुभम पस्तोर खड़ेरा, मुख्य सलाहकार विकास सोनी, वरिष्ठ सदस्य आलोक चतुर्वेदी पत्रकार,महिला मोर्चा प्रदेश प्रभारी कविता पस्तोर,जिला संयोजक ख़ुसाल समैया, जिला प्रभारी रामकुमार तिवारी,मनमोहन चौबे पार्षद नगर पालिका परिषद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक नायक, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह बुंदेला, वरिष्ठ सदस्य मनविंदर कौर, नगर संयोजक नीतू राजा बुंदेला, जिला संगठन महामंत्री संजय सिंह लोधी,जिला महासचिव जयराम सेन, नगर अध्यक्ष सुशील श्रीवास्तव,नगर संयोजक जितेन्द्र नायक,तहसील अध्यक्ष मोनू तिवारी, नगर सह प्रभारी उपदेश आचार्य, आदर्श दुबे पूर्व नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा, कैलाश कुशवाहा,राघवेंद्र सिंह बुंदेला, सुनील पुरोहित टोरिया,अंकित सेन, पंकज सेन वैरवारा, रोहित अहिरवार,मोहित सिंह लोधी, आदि सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजन

# एचआईवी और एड्स सघन जागरूकता में एक दिवसीय लोककला कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला एड्स नियंत्रण समन्वय समिति ललितपुर द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी लखनऊ द्वारा चलाये जा रहें एच. आई. वी. / एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय में लोककला का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि डॉ0 मयंक शुक्ल (प्रधानाचार्य)एवं डॉ. गजेंद्र सिंह ( मुख्य चिकित्सा अधीक्षक) जिला महिला चिकित्सालय के द्वारा किया गया, एच. आई. वी. के प्रति समुदाय के व्यक्तियों ने लोक कला के माध्यम से लोगो को जागरूक किया, इस अवसर पर डॉ. धीरेन्द्र वैध ( डिप्टी डी.टी.ओ.) के द्वारा टीवी के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहें कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गयी, सुरक्षा क्लिनिक कॉउंसलर अतुल द्वारा गुप्त रोगों के फैलने के कारणों पर चर्चा की गयी, सोसायटी फॉर प्रगति भारत ललितपुर परियोजना प्रवंधक हरेंद्र रिछारिया ने एच.आई.वी.के 4 की बात पर चर्चा की गयी, जिला चिकित्सालय के आई.सी.टी.सी.कॉउंसलर राजकुमारी, लेब तकनीशियन अरविन्द शर्मा, अंकित कौशिक ने ड्यूल किट से जाँच की इस अवसर पर डॉ. पवन सूद, डॉ. मुकेश सेठ, फार्मेसिस्ट मुकेश साहू, हॉस्पिटल क्वीलिटी मैनेजर नन्दलाल यादव, जशोदा देवी, आउटरीच वर्कर रानी, गोविन्द उपस्तिथ रहें।

# मजदूरी करने आए नौजवान पर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप

पुलिस की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में

**ललितपुर।** शहर क्षेत्रांतर्गत एक मोहल्ला निवासी युवती ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। बताया कि उसके मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य में ग्राम कल्यानपुरा निवासी जगभान परिहार पुत्र धनराज बेलदारी करने आया था। परिजनों के अच्छे व्यवहार के चलते जगभान का घर में आना-जाना हो गया। आरोप है कि जगभान ने उसकी नहाते समय अश्लील फोटो खींच ली और उसके बाद से जगभान उसे शादी करने का दबाव बना रहा है और विरोध करने पर फोटो समाज व शहर में वायरल करने की धमकी दे रहा है। यह भी आरोप है कि जगभान ने उसकी यह तस्वीर उसके इन्दौर निवासी रिश्तेदारों को भेजते हुये जबरन शादी करने का दबाव बना रहा है। पीड़िता के अनुसार उसने 1 जुलाई 2025 को इस सम्बन्ध में शिकायती पत्र थाने मेंदिया था, जिसके दूसरे दिन पुलिस ने राजीनामा करा दिया था। पुलिस के द्वारा कराए गए राजीनामा के बाद भी जगभान परिहार उसे फिर से प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि विगत दो दिन पहले जब वह अपनी दीदी की सहेली के यहां जा रही थी, तभी जगभान ने उसे रस्ते में रोकते हुये थप्पड़ मारा और जान से मारने की धमकी दी। इतना ही नहीं इंस्टाग्राम आई.डी. पर उसे अश्लील मैसेज करने लगा और पुलिस को भी अश्लील गालियां दीं। पीड़िता ने बताया कि 23 अगस्त को पीड़िता ने सुसाइट करने की कोशिश की, तो परिजनों ने बचा लिया। अब पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने जगभान परिहार के खिलाफ बीएनएस की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल

# प्लेटफार्म व गिग वर्कर्स के लिए पंजीयन शुरू

**ललितपुर।** श्रम प्रवर्तन अधिकारी अनिल कुमार ने अवगत कराया है कि असंगठित क्षेत्र के सभी श्रेमिकों के लिये ई-श्रम पोर्टल भारत सरकार द्वारा विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों के लिये योजनायें संचालित की जा रही है तथा भविष्य में भी संचालित की जानी प्रस्तावित है। भारत सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर किसी ऑनलाइन प्लेटफार्म क्रियाशील जिसे अनुबन्ध की गयी शर्तों के अधीन पारिश्रमिक प्राप्त होता है किन्तु उन श्रमिकों और उनके नियोक्ता/सेवायोजक में कर्मचारी सेवायोजक में अर्थात मालिक और नौकर का सम्बन्ध होता है, श्रमिक सिर्फ ऑनलाइन प्लेटफार्म पर सेवायोजक ग्राहक से जुडे होते है तथा इसलिये इन्हें प्लेटफार्म, गिग वर्कर्स कहते है तथा उनके सेवायोजकों/नियोक्ताओं को एग्रीगेटर्स कहते है। भारत सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल पर इन सभी श्रमिकों के लिये पृथक से मॉडयूल ऑल बोर्ड किया जा चुका है। बताया कि आप सभी के माध्यम से असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों से यह अह्वान किये जाने है कि प्लेटफार्म व गिग वर्कर्स का पंजीयन यूआरएल के जरिए किये जा सकते हैं। एक बार पुष्टि हो जाने पर आपका ई- श्रम कार्ड पंजीकरण पूरा होने पर तैयार हो जायेगा। असंगठित क्षेत्र से उपरोक्त से आवादित सभी अनिकों से अपील है कि उक्त यूआरएल के माध्यम से अपने नजदीकी जन सेवा केन्द्रों अथवा अपने श्रम कार्यालय ललितपुर से उपरोक्त प्रक्रिया अनुसार पूर्ण करते हुये पंजीयन करायें, ताकि भारत सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सके। किसी भी जानकारी के लिये कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त सिद्धन रोड के पास में सम्पर्क कर सकते हैं।

चिगलौआ के पाश्र्वनाथ जैन मंदिर में चोरी

# अष्टधातु की 7 मूर्तियां ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ललितपुर जिले के ग्राम चिगलौआ स्थित पाश्र्वनाथ जैन मंदिर में चोरी की वारदात सामने आई है। सोमवार रात अज्ञात चोरों ने मंदिर से अष्टधातु की सात मूर्तियां, छत्र और दान पेटी में रखे पैसे चुरा लिए। मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे पुजारी लालचंद्र जैन जब मंदिर पहुंचे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो वेदी से मूर्तियां गायब थीं। दान पेटी भी टूटी हुई थी और उसमें रखे पैसे नहीं मिले। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि चोर मंदिर की पिछली बाउंड्री फांदकर अंदर घुसे। वे सीढ़ियों के रास्ते मंदिर के अंदर पहुंचे और वारदात को अंजाम दिया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजमेर सिंह और चौकी इंचार्ज चिगलौआ मौके पर पहुंचे। चोरी की घटना से जैन समाज में आक्रोश है। लोगों ने चोरों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। थानाध्यक्ष अजमेर सिंह ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है।



#### पुष्पक एक्सप्रेस से यात्री का आईफोन चोरी

*उत्तर प्रदेश के जिला उन्नाव अंतर्गत हसनगंज के मोलाबाकीपुर निवासी आकाश सैनी पुत्र राकेश सैनी ने जीआरपी पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 3 अगस्त 2025 को वह ट्रेन संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-2 की सीट संख्या 51, 52 पर अपने दोस्त के साथ लखनऊ से मुम्बई की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना आईफोन 13 गुलाबी रंग का जिसमें जियो कम्पनी की सिम थी। फोन की कीमत करीब 65 हजार रुपये को अपने लोअर की जेब में रखकर सो गया। आरोप है कि ललितपुर स्टेशन निकलते ही जब उसकी नींद खुली तो लोअर की जेब से फोन गायब था। जीआरपी पुलिस ने आकाश सैनी की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।*

गिरफ्तार करने टीम बनी

# रुपए हड़पने वाले दो शातिर बदमाशों पर इनाम घोषित


हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना कोतवाली सदर में एम 300 खाती वाला टैंक अपोजिट म्यूनिसिपल वाटर टैंक इन्दौर म.प्र. निवासी पंकज अग्रवाल पुत्र राजेन्द्र अग्रवाल के विरूद्ध मु.अ.सं. 612/2024 धारा 111, 318, 61(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3/21 अनियमित जमा योजना प्रबन्ध अधिनियम 2019 का अभियोग पंजीकृत है, जिसमें पंकज अग्रवाल वांछित है। वांछित अभियुक्त पंकज अग्रवाल पर डीआईजी झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रूपये की धनराशि का इनाम घोषित किया है। अभियुक्त पंकज अग्रवाल की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने टीमों का गठन किया है। बताया जा रहा है कि पंकज अग्रवाल की सूचना पुलिस को देने वाले को 50 हजार रूपये के इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर एलयूसीसी में रुपये जमा कर हड़प कर भागे हुये मोहल्ला नदीपुरा ललितेश्वरी माता मंदिर के पास नदीपार रहने वाले रिजवान पुत्र इजराईल के खिलाफ भी कोतवाली में मु.अ.सं. 270/2025 धारा 111, 318, 61(2), 336(3), 340(2), 352, 351(3) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत हैं, जिसमें रिजवान वांछित है। इस प्रकरण को लेकर एसपी मो.मुश्ताक ने रिजवान की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। बताया जा रहा है कि सूचना पुलिस को देने वाले को 25 हजार रूपये के इनाम से पुरस्कृत किया जायेगा।

## सिविल सर्जन ने हेल्थ कमीशनर को जनवरी में ही भेज दिए थे डॉ अंजली के संदेहयुक्त दस्तावेज

# क्लास 1 डॉ गायनिक, पर नहीं आता प्रसूताओं का ऑपरेशन, फर्जी अंकसूची से पाया प्रमोशन!

### डिप्लोमा अंकसूची में एक्जाम सेंटर कलकत्ता में और शहर का नाम गाजियाबाद दर्ज


Dr. C. S. Dawn
Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
Mark - Sheet
Session - 2009-2011
Name of the Candidate - DR. ANJALI SHARMA
Examination Centre - KOLKATA
Name of the Fellow Guide - DR. SHUDHA SAXENA
City - GHAZIABAD
PASS


Indian College of Maternal & Child Health (ICMCH)
NATIONAL ASSOCIATION FOR REPRODUCTIVE & CHILD HEALTH OF INDIA (NARCHI)
AFFILIATED TO
INTERNATIONAL ASSOCIATION FOR MATERNAL & NEONATAL HEALTH (IAMANEH), GENEVA
This is to certify that
Dr. Anjali Sharma
has successfully passed the DIPLOMATE OF GYNAECOLOGY & OBSTETRICS Post Graduate training and evaluation programme of the college during the course period of 2009-2011, in the examination of 2011 conducted by the National Examination Body.
His/Her Fellow Guide was Dr. Shobha Saxena

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

क्लास 1 ऑफीसर बनना वो भी फर्जी दस्तावेजों के सहारे यह मुन्ना भाई एमबीबीएस जैसे डॉक्टर जिला अस्पताल में आज भी काम कर रहे है और शासन प्रशासन सिर्फ मुंह तांक रहे है न ही कोई कार्रवाई हो पा रही और न ही दूसरे किसी डॉक्टर की नियुक्ति , जिससे प्रसूताओं और गर्भवतीयों को जिला मुख्यालय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

मामला क्लास 1 का प्रमोशन लेने वाली गायनिक डॉ अंजली शर्मा से जुडा हुआ है जिन्होने पोस्ट ग्रेजुएशन की जगह एक डिप्लोमा का प्रमाणपत्र लगाया और क्लास बन हो गई परंतु हैरत की बात तो यह है कि इन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन तक नहीं आते है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनका प्रमोशन किसके लिए लाभ दायक है। इस बारे में जब पिछले दिनों भोपाल से ज्याइंट डायरेक्टर डॉ नीरा चैधरी रीजनल डायरेक्टर द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया तो उनसे हुए संवाद में डॉ अंजली शर्मा ने यह बात स्वीकार करते हुए कहा कि उन्हें गर्भवती महिलाओं के ऑपरेशन करना नहीं आता जिस पर रीजनल डायरेक्टर भी अचंभित रह गई। जब अधिकारी ने सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल से पूछा गया तो उन्होने बताया कि डॉ अर्चना की डिग्रियों और प्रमोशन संबंधी सभी दस्तावेज भोपाल हेल्थ कमीशनर तक पहुंचा दिए गए है।

**डिप्लोमेट इन गायनिक एवं डिआईपी जीओ अंकसूचियों पर संदेह**

डॉ अंजली शर्मा द्वारा जेनेवा से 2009-11 में डिप्लोमेट ऑफ गायनिक एंड ऑवटेटिक्स करना बताया एवं 2010-2011 में डिआईपी डॉट जीओ में डिप्लोमा कलकत्ता से किया गया है जिसमें भी परीक्षा कें्रद कलकत्ता बताया गया एवं शहर का नाम गाजियाबाद लिखा गया है। इन्ही सभी अनियमितताओं के चलते एवं पोस्ट ग्रेजुएट न होने पर भी क्लास वन का प्रमोशन पर सवालियां निशान लग गए है ।

**हेल्थ कमीशनर भी नहीं कर पाए 8 महिने में कोई ठोस कार्रवाई**

क्लास-1 प्रमोशन के बाद विवादों में आई डॉ अंजली शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ पर एनजीओ द्वारा दिया गया डीजीओ डिप्लोमा से प्रमोशन लेने का आरोप है जिसको पोस्टग्रेजुएट के समकक्ष बताकर क्लास -1 का प्रमोशन ले लिया गया है। जिस पर सिविल सर्जन ने 6 जनवरी 2025 को हेल्थ कमीशनर भोपाल को समस्त दस्तावेज भेजकर इस बात से अवगत कराया परंतु हैरत है कि 8 महिने बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं कर पाया है।

**निर्णय लेंगे**

*हां, जांच तो चल रही है इनके दस्तावेजों के संबंध में जल्दी ही सही या गलत होने का निर्णय ले लिया जाएगा।*

**डॉ हेमेन्द्र सिंह कदम** डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ भोपाल

## संकट मोचन बलड़ी क्षेत्र का मामला

# परिजनों से कहासुनी के बाद फांसी के फंदे पर झूला युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



इन दिनों क्षेत्र के युवा छोटे-मोटे कारणों के चलते अपना अमूल्य जीवन गवाने पर तुले हैं। ऐसे ही एक मामले में स्थानीय संकट मोचन कॉलानी क्षेत्र निवासी एक युवक ने रविवार रात्रि परिजनों से हुई थोड़ी कहासुनी के बाद कमरे में जाकर फांसी लगा ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा इत्यादि के उपरान्त सोमवार को मृतक के पीएम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं लग पाया है। जानकारी के अनुसार संकट मोचन कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय महेश पिता गंगाराम मेवाड़े ने रविवार रात्रि करीब 8.30 बजे अपने घर पर ही फांसी का फंदा बनाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। इस घटना के पहले किसी बात पर मृतक महेश की परिजनों से कुछ कहासुनी भी हुई थी। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामे की कार्यवाही उपरान्त शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में मृतक के पोस्टमार्टम उपरान्त शव को परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

### गाय बांध रहे किशोर के गले में फंस गई रस्सी, मौत

**विदिशा।** ओलिंजा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है। शनिवार शाम को गाय को बांधते समय रस्सी गले में फंसने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। सागर निवासी कृष्ण पटेल अपनी मां के साथ मामा के घर ओलिंजा आया हुआ था। शाम के समय वह गाय को बांध रहा था। इसी दौरान अचानक रस्सी उसके गले में उलझ गई। कृष्णपाल ने रस्सी निकालने का प्रयास किया। लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। इससे उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। परिजनों ने जैसे ही यह देखा तुरंत उसके गले से रस्सी निकालने का प्रयास किया। किसी तरह रस्सी तो खोल दी गई, लेकिन तब तक किशोर की हालत खराब हो चुकी थी। उसे तुरंत विदिशा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय की समस्या को लेकर आवेदन प्राचार्य को सौंपा



**जीरापुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जीरापुर को आवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालय में हो रहे घटिया निर्माण की शिकायत दर्ज कराई गई।आवेदन में उल्लेख किया कि टीनशैड पेवर ब्लॉक आदि का निर्माण घटिया रूप से हो रहा है। कॉलेज प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ऐसे में छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।इसी प्रकार एक ओर आवेदन में अतिथि विद्वान को नियम विरुद्ध नियुक्ति के संबंध में प्रेषित किया गया कि हिंदी विषय के पद पर अतिथि विद्वान की नियुक्ति होना थी जो कि अतिथि विद्वान की प्रक्रिया के बिल्कुल विपरीत बिना किसी शासकीय आदेश के नियुक्ति तिथि 22ध्8ध्2025 के बाद दिनांक 23ध्8ध् 2025 को प्राचार्य हिमांशु चेष्टा द्वारा नियुक्ति दी गई,जो शासन के नियम विरूद्ध है शासन द्वारा जो नियुक्ति लिस्ट जारी की गई उसमें कहीं भी हिंदी विद्वान का नाम नहीं था।जबकि 22ध्8ध्2025 होने के बाद प्राचार्य हिमांशु चाष्टा द्वारा हिंदी विषय में नेहा गुप्ता को ज्वाइन कराया गया जिसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई। आवेदन देने वालों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रांतीय सदस्य अर्जुन दांगी ,पूर्व अध्यक्ष पवन सिसोदिया , संयोजक कमलेश दांगी ,केम्पस अध्यक्ष नरेंद्र चैहान , मीडिया प्रभारी राहुल दांगी, केम्पस अध्यक्ष निकिता प्रजापति , सहित रामपाल सिसोदिया , अंकित दांगी , शुभम , रीना प्रजापति , मनीषा पवांर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस संबंध में महाविद्यालय प्राचार्य डा.हिमांशु चाष्टा का कहना है नेहा गुप्ता ट्रांसफर होकर आई पूर्ववत नियमानुसार ज्वाइन की गई है। इस संबंध में नेहा गुप्ता अतिथि विद्वान (प्राध्यापक) का कहना है कि शासन की ओर से ट्रांसफर होकर आई जो नियमानुसार है।'

## स्वदेशी को बढ़ावा देने सेवा भारती संस्था की पहल

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का दिया गया प्रशिक्षण



**राजगढ़।** सेवा भारती संस्था अपने विभिन्न प्रकल्पों के जरिए महिलाओं सहित अन्य को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों में जुटी हुई है। आगामी दिनों में आने वाले त्यौहारों के मद्धेनजर घर की साज-सज्जा चायनीज सामानों की बजाय स्वदेशी उत्पादों से की जाए, इसके लिए भी सेवा भारती द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संस्था द्वारा स्वदेशी को बढ़ावा देने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्धेश्य से खिलचीपुर एवं छापीहेड़ा क्षेत्र की 80 महिलाओं को स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए संस्था द्वारा महिलाओं को कच्चा माल भी उपलब्ध करवाया गया। इस दौरान महिलाओं को बताया गया कि बाजार में मंहगे दामों में मिलने वाली अनेकों ऐसी वस्तुएं हैं जिनका निर्माण हम घर ही कर सकते हैं। सेवा भारती के प्रांत प्रशिक्षक बलराम ने सभी महिलाओं को सीरीज बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघचालक प्रेमसिंह दांगी, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण गुप्ता, उपाध्यक्ष जया जायसवाल, सचिव मार्तण्ड सिंह सौलंकी, रामकला तोमर, आकांक्षा दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

## बारिश में भी कम नहीं हुआ उत्साह

# बाबा रामदेव के जन्मोत्सव पर निकाला भव्य चल-समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान कृष्ण के अवतार माने जाने वाले बाबा रामदेव का जन्मोत्सव सोमवार को क्षेत्र में धूमधाम, उल्लास एवं विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान तंवर समाज सहित बाबा रामदेव के अन्य भक्तों द्वारा नगर में एक भव्य चल-समारोह भी आयोजित किया गया। स्थानीय रामलीला कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव मंदिर से पूजा-अर्चना उपरान्त ढोल-ढमाकों एवं डीजे की धुन के साथ आरंभ हुआ चल-समारोह खिलचीपुर नाका, बाईपास, नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चैक, किला क्षेत्र, तुल्ली चैक, पुराना बस स्टैंड होते हुए ढंढ जोड़ स्थित बाबा रामदेव मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान अनेकों स्थानों पर विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं स्वयंसेवी संगठनों द्वारा चल-समारोह में शामिल लोगों का कहीं पुष्पवर्षा तो कहीं शीतल जल से स्वागत, अभिनंदन किया गया। चल-समारोह के दौरान बीच-बीच में बारिश भी हुई लेकिन यह वर्षा श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर पाई।

**मंदिर में महाआरती उपरान्त भंडारा आयोजित**

चल-समारोह के बाबा रामदेव मंदिर पहुंचने पर पूजा-अर्चना उपरान्त महाआरती की गई। इसके उपरान्त मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसादी गृहण करते हुए बाबा रामदेव का आर्शिवाद प्राप्त किया। चल-समारोह हेतु सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिहाज से स्थान-स्थान पर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था।

# माटी के गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन, मंत्री टेटवाल ने दी प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में स्थानीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में माटी गणेश निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य ममता खुईया ने की कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर की, इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने कहा कि ष्आज पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से हमें माटी से बने गणेश की स्थापना करनी चाहिए। केमिकलयुक्त रंगों और प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनी मूर्तियां विसर्जन के बाद गलती नहीं हैं और जल स्त्रोतों को दूषित करती हैं। माटी से निर्मित गणेश मूर्तियों की स्थापना कर हम नदियों को स्वच्छ और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में योगदान दे सकते हैं।ष उन्होंने आगे कहा कि हमारे भैया-बहनों की उंगलियों में अनंत कलाएं हैं, जिसका उत्कृष्ट उदाहरण इस प्रशिक्षण कार्यशाला में देखने को मिला। वही प्रशिक्षक सुशील व्यास 'सारंग' के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर गणेश प्रतिमाओं का निर्माण किया है। मंत्रीजी ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि "हम सब अपने घरों में माटी से बने गणेश स्थापित करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।"

कार्यक्रम की भूमिका जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोइया, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, विकास दीक्षित, निलेश वर्मा रवि शर्मा, मनोहर लववंशी, नपा सीएमओ सुश्री ज्योति सुनहरे मेंटर्स पवन सिंह राजपूत,अनिल विश्वकर्मा सहित महाविद्यालय स्टॉप एवं छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# मंत्री टेटवाल ने लोक देवता रामदेव की पूजा-अर्चना

## नपा कर्मियों को पहचान पत्र हेतु वर्दी वितरण के दिए निर्देश



**सारंगपुर ।** लोक देवता रामदेव की समूचे शीट,,,में अनुयाइयों द्वारा पूजा अर्चना आरती भंडारा किया गया ,इसी क्रम में नगर पालिका परिषद सारंगपुर के परिसर में स्थित रामदेव मंदिर पर राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने सपत्नीक पूजा अर्चना की ,इसके बाद नपा सीएमओ ज्योति सुनेरे को निर्देश दिए कि नपा के समस्त कर्मचारियों का पहचान पत्र एवं नियमानुसार वर्दी वितरण की जाएं साथ ही सभी कर्मचारियों की उपस्थिति सार्थक एप के माध्यम से लगाई जाएं वहीं रामदेव महाराज के मंदिर पर सपरिवार विधि विधान से पूजन कर मंदिर के जीणोद्धार के लिए राज्य मंत्री टेटवाल की माता जी की और से 50 हजार रुपए देने की घोषणा की,वही सीएमओ ज्योति सुनेरे द्वारा तत्काल ही उपयंत्री को निर्देश दिए कि उक्त मंदिर निर्माण कार्य का कार्य जल्द कराया जाए ।



# झंडा चौक स्थित मतदान केंद्र भवन तोड़ने का विरोध जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माचलपुर

नगर परिषद द्वारा झंडा चोक स्थित मतदान केंद्र का भवन जो अच्छी हालत में था उसे शुक्रवार रात्रि में नगर परिषद द्वारा तोड़ दिया गया जिसका विरोध नगर परिषद के अनेक पार्षदों सहित उपाध्यक्ष ने भी किया सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सोमवार दोपहर नायब तहसीलदार रामनिवास को एसडीएम खिलचीपुर के नाम एक ज्ञापन दिया! जिसमे को पार्षदों के साथ सांसद प्रतिनिधि और भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित भाजपा पार्षदों ने अपनी सील लगाकर हस्ताक्षर किए हैं। ज्ञापन में इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया गया है की भवन विभन्न प्रकार से उपयोगी था वा अच्छे हालत में था जिसका उपयोग मतदान केंद्र के रूप में उपयोग भी किया जाता था इसे बिना चुनाव आयोग वा परिषद की मंजूरी के तोड़ दिया गया है अतः इसे वापस बनाया जाए। वरना जनता द्वारा उग्र आंदोलन किया जावेगा इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्य निर्वाचन अधिकारी भोपाल वा कलेक्टर राजगढ़ को भी भेजी गईं हैं।

## टाइम लिमिट बैठक में विभिन्न लापरवाहियों पर नजर आया कलेक्टर का सख्त रुख

# सचिव निलंबित, 3 तहसीलदारों को नोटिस, तीन की वेतनवृद्धि रोकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

**कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार दोपहर कलेक्टोरेट सभागार में टाईम लिमिट बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों, ई-ऑफिस लॉगिन, शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय उत्तरदायित्वों की गहन समीक्षा की गई।**

## शिक्षक एप पर उपस्थिति नहीं लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटने दिए निर्देश



कुछ प्रकरणों में शिकायतकर्ताओं से अधिकारियों ने सीधे संवाद कर तत्काल समाधान की पहल की। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने तहसीलदार जीरापुर, खिलचीपुर और नरसिंहगढ़ को सीएम हेल्पलाइन में खराब प्रदर्शन के कारण कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास के जुड़े एक मामले में पंचायत सचिव की लापरवाही नजर आने पर कलेक्टर ने संबंधित सचिव एवं रोजगार सहायक का एक माह का वेतन वसूलकर जो हितग्राही प्रधानमंत्री आवास में पात्र हैं, उन्हें भुगतान किए जाने के निर्देश ब्यावरा जनपद पंचायत के सीईओ को प्रदान किए वहीं पंचायत सचिव श्री हिंदू सिंह को निलंबित करने के आदेश दिए। कलेक्टर ने ई-ऑफिस व्यवस्था के तहत अब तक लॉगिन न करने वाले अधिकारियों पर जुर्माना लगाया गया। श्री सुभाष दांगी, श्री राजीव मोर्या एवं श्री अनिल कुमार मेवाड़े की 1-1 वेतनवृद्धि रोकने के आदेश दिए गए।

**अच्छे कार्य करने वालों को मिली प्रशंसा**

ऊर्जा विभाग को सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के प्रभावी निराकरण हेतु सराहना प्राप्त हुई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सारंगपुर को ई-केवायसी प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा की गई। गत दिवस निति आयोग के आकांशी ब्लॉक व आंकाक्षी जिला के संपूर्णता अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले अधिकारियों में जिपं एसीईओ अर्पित गुप्ता, जीरापुर जनपद के तत्कालीन सीईओ हेमेंद्र ग्वाली एवं ई- गर्वेनेस प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी शामिल हैं। पीएम किसान सम्मान निधि और जननी सुरक्षा योजना से संबंधित मामलों की प्रकरणवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। आबकारी विभाग को निर्देशित किया गया कि वह सीएम हेल्पलाइन शिकायतों को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ लें।

**ई-अटेंडेंस न लगाने वाले शिक्षकों का वेतन काटा जाए**

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने निर्देशित किया कि जो शिक्षक समय पर ई-उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक को निर्देशित किया गया कि वे शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित एवं सख्त निगरानी करें। अतिथि शिक्षक यदि अपनी उपस्थिति समय पर दर्ज नहीं करते हैं तो उस दिन का मानदेय उन्हें न दिया जाए। यदि ऐसे दिनों का भुगतान हो जाता है, तो वह राशि संबंधित प्रधानाध्यापक एवं जनशिक्षक से वसूली जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हमारे शिक्षक एप द्वारा नियमित शिक्षक, कर्मचारियों और अतिथि शिक्षकों द्वारा दर्ज की जाने वाली प्रतिदिन की उपस्थिति एवं इसकी मॉनिटरिंग की जानकारी ब्लॉकवार दर्ज की जाए। ऐसे संकुल जहां शिक्षकों द्वारा कम संख्या में अटेंडेंस ऐप के माध्यम से उपस्थिति लगाई जा रही है, उन संकुल प्राचार्य को नोटिस दिए जाने के साथ ही प्रतिमाह ई-अटेंडेंस में कमी होने पर वेतन रोकने के लिए पत्र जारी किए जाए।

**शिकायतें पेंडिंग रखीं तो लगेगा जुर्माना**

सभी तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निपटारा 15 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। अनावश्यक विलंब पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ऑफलाइन शिकायतें अब किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएंगी। सभी शिकायतें केवल ऑनलाइन मोड में दर्ज हों।